हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026

04 जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया...



07 12 किलो गांजा के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर...





## कोतवाली, बुदनी सहित भैरुंदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी सहित डकैती के मामलों का खुलासा

# नवरात्रि में पुलिस का 'शक्ति' अवतार, तोड़ी अपराधियों की कमर, 73 लाख के माल सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जहां पूरा जिला शक्ति की भक्ति में लीन है, वहीं पुलिस ने भी अपराधियों के विरुद्ध शक्ति का अवतार धारण करते हुए अपराधियों की कमर तोड़ दी है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ा खुलासा करते हुए बाप-बेटे सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नंदगांव में 65 लाख की बड़ी डकैती का किया पर्दाफाश

भैरूंदा के नंदगांव में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस की रातों की नींद उड़ा दी थी। यहां देवी सिंह भाटी के सूने मकान से करीब 65 लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए गए थे। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो आरोपी शातिर 'पारदी गैंग' निकली। यह गैंग कचरा बीनने के बहाने घरों की रेकी करता था और महिलाएं ताले तोडक़र हाथ साफ करती थीं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में टीम ने न केवल इछावर से बल्कि भाग रहे आरोपियों का पंजाब तक पीछा कर उन्हें दबोचा। पुलिस ने 40 तोला सोना और 800 ग्राम चांदी बरामद की है। इस बड़ा सफलता हासिल की है।





### बाप-बेटे समेत 4 आरोपी सलाखों के पीछे

शहर की नेहरू कॉलोनी में हुई 8 लाख की चोरी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। यहां कोतवाली पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से कड़ियां जोड़ी। हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरी की इस वारदात में असलम अंसारी और उसका बेटा शाहिद अंसारी मुख्य रूप से शामिल थे। इनके कब्जे से मशरूका जेवरात और नगदी बरामद कर लिया गया है।

### फर्जी सिम कार्ड के जरिए जालसाजी का खेल खत्म



बुदनी में साइबर पुलिस ने 'ऑपरेशन फेस' के तहत एक ऐसे गिरोह को पकड़ा जो निर्दोष ग्रामीणों के आधार कार्ड का उपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी करता था। शेरसिंह और शिवम मीणा के नाम पर 32 फर्जी सिम निकालकर ये जालसाज बड़ी वारदातों की फिराक में थे। पीओएस संचालक जय भाटिया और मनोज कुशवाह को गिरफ्तार कर पुलिस ने डिजिटल अपराध की दुनिया में बड़ी सेंधमारी को नाकाम कर दिया है।

**त्यौहारों के बीच पुलिस की सराहनीय भूमिका :** नवरात्रि के इस समय में जब सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है, पुलिस की इन उपलब्धियों ने उत्सव की खुशी को दोगुना कर दिया है। इस सफलता में एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारियों समेत पूरी टीम साइबर सेल व ग्राउंड टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप में



### नवरात्रि में प्रतिदिन दुधाखेड़ी माता का किया जा रहा आकर्षक श्रृंगार

**नलखेड़ा।** चैत्रीय नवरात्रि में नगर में स्थित मां दुधाखेड़ी मंदिर पर प्रतिदिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में भक्त दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। नगर से लगभग 2 किमी दूर श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने स्थित श्री दुधाखेड़ी माताजी मंदिर पर चैत्र नवरात्रि में प्रतिदिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। जिनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

### सुप्रसिद्ध भजन गायक पहुंचे मां के दरबार



**नलखेड़ा।** सोमवार रात्रि में भजन गायक गोकुल शर्मा मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंदिर परिसर में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। हवन अनुष्ठान के बाद प्रशंसकों की मांग पर गायक शर्मा ने पट बंद होने के पूर्व माता रानी का एक भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान माता रानी के जयकारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। शर्मा के सिद्धपीठ पहुंचने पर मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला ने माता रानी की चुनर ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। वही उनके प्रशंसकों रोहित सकलेचा, पवन वेदिया, रजनीश सेठी, विपिन लड्ढ़ा, पप्पू मकवाना, अभिजीत बजाज, शिवम नागर आदि द्वारा भी उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

### मंत्री प्रह्लाद पटेल सपरिवार पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर



**नलखेड़ा।** सोमवार देर रात मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल सपरिवार मां के दरबार मे पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। दर्शन उपरांत मंत्री पटेल द्वारा सपरिवार मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। सिद्धपीठ पहुंचने पर मंत्री पटेल का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना व पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण**

# कमला सागर विद्यालय में शहीद दिवस पर युवाओं ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के अमर बलिदान दिवस की स्मृति में कमला सागर विद्यालय में मंगलवार को मेरा भारत, मेरी ज़िम्मेदारी थीम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य चन्द्रशेखर शर्मा की अध्यक्षता में भारत माता एवं शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात विद्यालय परिसर से एक पदयात्रा निकाली गई जिसमें युवाओं एवं विद्यार्थियों ने मेरा भारत मेरी ज़िम्मेदारी, राष्ट्र निर्माण के लिए युवा जैसे ओजपूर्ण नारों के साथ भाग लेकर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं जिम्मेदार नागरिकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण एवं श्रमदान किया गया। तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी में शहीदों के जीवन, उनके आदर्शों एवं राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिससे उपस्थित युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को मंच से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट वक्ता के रूप में जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी ने कहा कि मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत आयोजित ऐसे कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नागरिक कर्तव्यों एवं सामाजिक विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। यह पहल युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान कर देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तांतेड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र भारत में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, वह इन शहीदों के बलिदान का परिणाम है।

युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेश सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### सरसों के लिए अब 1 अप्रैल से प्रारंभ होगी भावांतर योजना

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने रबी 2025-26 में सरसों फसल के लिए भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के सत्यापन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, कई जिलों में अपेक्षा से अधिक किसानों का पंजीयन पाया गया है। ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल पात्र किसानों को ही योजना का लाभ मिले, सभी जिलों में पंजीकृत किसानों का गहन और सावधानीपूर्वक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही योजना का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। इसी के चलते योजना प्रारंभ की पूर्व निर्धारित तिथि 23 मार्च 2026 को संशोधित कर अब 01 अप्रैल 2026 कर दिया गया है।

## माहेश्वरी समाज ने निकाला गणगौर चल समारोह



**सीहोर।** गणगौर त्यौहार मारवाड़ी पढ़ती से मनाया जाने वाला एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें महिलाएं पूर्ण श्रृंगार कर भगवान शंकर एवं मां पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं एवं अपने सुहाग की दीर्घायु होने की कामना करती हैं।

गणगौर का त्यौहार पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित त्यौहार है, 10 दिन तक चलने वाले त्योहार के अंतिम दिवस माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा माहेश्वरी भवन से बेल गाड़ी पर भगवान ईसर जी एवं मां गोरा जी का चल समारोह निकाला जाकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ सीवन नदी महिला घाट पर पहुंची एवं महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना को एवं रात्रि में माहेश्वरी भवन पर महिलाओं द्वारा झाले दिए गए।

माहेश्वरी समाज की प्रमुख समाज जिला अध्यक्ष गीता सोडाणी, प्रदेश पदाधिकारी सत्यभामा मंत्री, प्रतिभा झंवर, सरोज झावर, रजनी बाहेती, शोभा चांडक, आभा मंत्री,आभा कास्ट, ज्योति झांवर, लीला कुइयां माहेश्वरी समाज की महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी, सचिव अनिता बांगड़, गायत्री साबू शिवानी कास्ट, रानी तोषनीवाल, निशा मंत्री, बबीता बियानी, रश्मि बाहेती,चंदन कास्ट, प्रिया मुंद्रा, आदि उपस्थित थे।

## बकाया बिल पर की जब्ती की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर केंद्र वितरण अंतर्गत बकाया बिलों को लेकर उपभोक्ताओं की विभिन्न सामग्रियों की जब्ती की कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को नलखेड़ा शहर वितरण केंद्र अंतर्गत कनिष्ठ यंत्री नलखेड़ा शहर अमित मिश्रा, कार्यालय सहायक सुनील प्रजापति, वरिष्ट लाईन परिचारक नंदसिंह एवं लाईनमैन गोवर्धन चौहान व समस्त नलखेड़ा शहर वितरण केन्द्र स्टाफ के द्वारा लगभग 1.5 लाख रुपये बकाया बिल पर कुर्की जब्ती की कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत 4 बाइक, एक वाशिंग मशीन, एक कूलर जप्त किया गया। कनिष्ठ यंत्री द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बकाया बिल जमा करवाए और समाधान योजना अंतर्गत छूट का लाभ ले एवं होने वाली कार्यवाही से बचे।

## जिला दंडाधिकारी ने किया आदेश जारी

# पशु चारे का जिले से बाहर निर्यात व ईंधन के रूप में उपयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रीति यादव द्वारा जिले में पशु चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा सूखी घास, भूसा एवं कड़बी (ज्वार एवं मक्का के डंठल) सहित सभी प्रकार के पशु चारे का जिले से बाहर निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही उद्योगों, फैक्ट्रियों एवं ईंट-भट्टों में पशु चारा एवं भूसे का ईंधन के रूप में उपयोग भी प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति भूसा एवं पशु चारे का क्रय-विक्रय निर्धारित उचित मूल्य से अधिक दर पर नहीं कर सकेगा। कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने की मंशा से अनावश्यक भंडारण करना भी प्रतिबंधित रहेगा। ईंधन उपयोग हेतु भूसे का भंडारण केवल लाइसेंसधारी उद्योगों द्वारा ही किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित लाइसेंसधारी की होगी। प्रतिबंध अवधि के दौरान ऐसे भूसे को जिले से बाहर ले जाना भी पूर्णतः वर्जित रहेगा। उक्त आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध मानते हुए संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन में साध्वी लयस्मिता श्रीजी के उद्गार

# जीवन को जीवंत बनाना है तो परमात्मा के निकट जाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



जीवन को जीवंत बनाना है तो हमें परमात्मा की निकट जाना होगा। हमारा पुण्योदय होगा तभी हमें परमात्मा की वाणी (जिनवाणी) का श्रवण करने का अवसर मिलता है। गुरु बिना मांगे ही हमें सब कुछ देता है। जिन शिक्षण संस्थानों में हमारें बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाते हैं, उन्हीं स्कूलों में हमें अपने बच्चों का दाखिला करवाना चाहिए।

उक्त प्रेरक विचार स्थानीय जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन के दौरान साध्वी लयस्मिता श्रीजी म.सा. द्वारा व्यक्त किये गए। साध्वीजी ने कहा कि परमात्मा के निकट जाने के लिए हमें धर्म आराधना का मार्ग अपनाना होगा। संकटों को दूर करने की ताकत भी धार्मिक क्रियाएं व धर्म आराधना में होती है। इस जीवन को जीवंत बनाना है तो हमें परमात्मा के निकट जाना होगा। उन्होंने कहा कि परमात्मा की वाणी को सुनना भी हमें जीवंत बनाती है। परमात्मा की वाणी का श्रवण हम तभी कर सकते हैं जब हमारे प्रबल पुण्योदय का उदय होता है। साध्वी ने कहाकि जैसे ठंड के दिनों में अग्नि के पास बैठने से हमें गर्मी व गर्मी के दिनों में ठंडक वाले स्थान पर हमें ठंडक प्राप्त होती है वैसे ही गुरु के पास जाने से हमें बिना मांगे ही सब कुछ प्राप्त हो जाता है। क्योंकि गुरु बिना मांगे ही हमें सब कुछ देते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार मां ही देती है, लेकिन आजकल की माताऐं तो दिन भर मोबाइल पर व्हाट्सएप देखती रहती है, तो बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण कैसे होगा। साध्वी जी ने कहाकि बच्चों को स्कूलों में दाखिला करवाने के पूर्व हमारी सोच यहां रहती है कि जिन स्कूलों में सुविधाऐं अच्छी है हमारे बच्चों को वहां पढ़ना पसंद करते हैं, लेकिन जहां बच्चों को अच्छे संस्कार मिलते हैं वहां बच्चों को भेजना पसंद नहीं करते हैं। हम उनकी सुविधाओं का ध्यान रखते हैं, लेकिन संस्कारों का नहीं।

**जीवन को सफल बनाना है तो लक्ष्य तय करना होगा : साध्वीजी-** साध्वी भव्योदया श्री जी ने कहा कि जीवन में लक्ष्य नहीं होगा तो किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त नहीं हो सकती है। जीवन में घमंड व रमण चालू है लेकिन लक्ष्य तय नहीं है कि इस दुर्लभ मानव जन्म को कैसे सार्थक करना है। उन्होंने कहा कि धन व परमात्मा के पीछे हमारी दौड़ कितनी इस पर हमें मनन करना चाहिए कि हम अपने जीवन का कितना समय धन की प्राप्ति के लिए व कितना समय परमात्मा की भक्ति हेतु लगाते हैं इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार की चकाचौंध में हम धन दौलत, भौतिक सुख साधन को बटोरने में अपना जीवन लगा रहे हैं। लेकिन सृष्टि के निर्माता परमात्मा को पाने के लिए हम पुरुषार्थ नहीं कर रहे हैं। यदि परमात्मा को हमने प्राप्त कर लिया तो सुख साधन, भौतिक सुख संपदा तो वैसे ही आपको प्राप्त हो जावेगी। जीवन में कर्म किए जा फल की आशा मत करो। वहां तो भाग्य में होगा तो वैसे ही आपको प्राप्त हो जाएगा। लेकिन हम परमात्मा को स्पर्श न कर भौतिक सुख साधन को बटोरने में लगे हुए हैं। साध्वीजी ने कहा कि परमात्मा की भक्ति हमें निर्भयता, निश्चिता निर्मलता प्रदान करती है। जीवन में इन तीनों को प्राप्त करना है तो परमात्मा की शरण में जाना होगा। इसके लिए पुरुषार्थ भी हमें करना पड़ेगा, लक्ष्य भी हमें तय करना पड़ेगा। तभी इस जीव को चार गति चौरासी लाख जीवा योनियों में नहीं भटकना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### धाकड़ बने भौरासा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष




**भौरासा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस विश्वजीत चौहान की अनुशंसा पर जितेंद्र धाकड़ काकड़ादा को भौरासा किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी,नगजीराम यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव,पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, दिनेश यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी,अफजल मंसूरी, संदीप चावड़ा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल गुर्जर, कांति लाल यादव, रमेश चंद गुर्जर, दिलीप यादव, दिनेश चौहान, मनोहर यादव, कालू गुर्जर, सोनू यादव, सुनील उप सरपंच, जितेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, प्रकाश कुशवाह,अर्जुन यादव, केदार यादव, तेजसिंह यादव, पवन यादव, लकी यादव, विजेंद्र यादव, कान्हा आदि लोगों ने धाकड़ को किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि जनप्रतिनिधियों ने देश के वीरों को किया नमन

**देवास।** बलिदान दिवस के अवसर पर गजरा गियर चौराहा के समीप देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर जवान भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम देवास विधायक गायत्री राजे पवार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर निगम एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 40 के पार्षद धर्मेंद्र सिंह बेस, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चंदेल, संजू जलोदिया, सुरेश टिकोलिया, विशाल नागर, मनोज राय, राजेंद्र राजपूत, विक्रम देवड़ा, महेश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश मिस्त्री, सन्नी गोसर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कांग्रेस का हल्ला बोल, शहर के प्रमुख मार्गों से रैली के रूप में होते हुए पहुंचे नगर निगम

# जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया नगर निगम का घेराव, जोरदार प्रदर्शन नारेबाजी कर दिया ज्ञापन





**कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप 735 रुपए में पौधों की खरीदी में हुआ भ्रष्टाचार, 40 हजार लीटर डीजल की खपत को नए कमिश्नर द्वारा 30 हजार लीटर करने पर उठाए सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लंबे समय बाद कांग्रेस ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसजन नगर निगम पहुंचे और भ्रष्टाचार, दूषित पेयजल आपूर्ति तथा करों में बढ़ोतरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ता सयाजी द्वार पर एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में तहसील चौराहा, अलंकार चौराहा, नावेल्टी चौराहा, पिठा रोड और ए.बी. रोड होते हुए नगर निगम पहुंचे।कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर शहरभर में विरोध दर्ज कराया।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी और नेता प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सांसद, विधायक एवं नगर निगम सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि काबिज हैं, इसके बावजूद नगर निगम शहरवासियों के साथ न्याय नहीं कर रहा है। एक-दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, जबकि पूरे माह का शुल्क वसूला जा रहा है। साथ ही जलकर एवं संपत्ति कर में वृद्धि की गई है, जो अनुचित है और इसे शीघ्र वापस लिया जाना चाहिए ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि संपत्ति कर, जलकर एवं मलवा शुल्क में की गई वृद्धि तत्काल वापस ली जाए। नलों में दूषित पानी आ रहा है, पाइपलाइन की जांच कर शीघ्र सुधार किया जाए। खाली प्लॉटों पर भी कचरा शुल्क वसूला जा रहा है, उसे समाप्त किया जाए। सीवरेज शुल्क पुरानी तारीखों से वसूला जा रहा है, जिसे निरस्त किया जाए। इसके अलावा एमजी रोड ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर चौड़ीकरण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उसे शीघ्र पूर्ण करने की मांग की गई। पेकी प्लांट की समस्या का निराकरण कर भवन निर्माण की अनुमति देने, वार्डों में हो रहे घटिया निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, जल वितरण का समय निर्धारित करने तथा वार्डों के बगीचों के रखरखाव हेतु चौकीदार नियुक्त करने की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 735 रुपए में पौधों की खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ है।

वहीं 40 हजार लीटर डीजल की खपत को नए कमिश्नर द्वारा 30 हजार लीटर करने पर सवाल उठाते हुए महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल से 10 हजार लीटर डीजल के उपयोग का हिसाब देने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की लोकायुक्त से जांच कराने की भी मांग की गई। प्रदर्शन के अंत में निगम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, शौकत हुसैन, मनोज राजा, नी नजर शेख, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, पार्षद दीपेश कानूनगो, डॉ. श्याम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार, आबिद खान, प्यारे मियां पठान, राजेश डांगी, वंदना पांडे, मीना फानी, ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याने, नीरज नागर, दिलीप सिंह बजेपुर, रितेश त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह गौड़, विक्रम मुकाती, विक्रम पटेल, महेंद्र घारू, अनिल गोस्वामी, विश्वजीत चौहान, शाहजी हाशमी, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह मोटा, मनोज हेतावाल, अजय सिंह राजोदा, पीयूष पाटनकर, वीरेंद्र परदेसी, दिग्विजय सिंह झाला, अतुल सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह दरबार, गौरव जोशी, प्रथम पवार, मोनू शर्मा, धीरज कल्याने, गजेंद्र तोमर, खलील शेख, विशाल यादव, राजू दरबार, मुकेश पटेल, परवेज हारून शेख, जहीर शेख, मुकेश शर्मा, राजेश जायसवाल, गोवर्धन देसाई, अशोक पटेल, रुपेश पटेल, ईश्वर हरड़, ईश्वर सिंह देवानिया, पवन श्रीवास्तव, नरेंद्र चौहान, अपूर्व मंडल, मुकेश सोलंकी, मनोज सांगते, मंसूर शेख, बने सिंह अस्थाया, अविनाश जेठवा, सोहन पटेल, राजा पडियार, नईम अहमद, प्रदीप बनाफर, अर्जुन मारू, हारीश गजधर, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, श्रीकांत चौहान, अक्षय बाली, उबेद शेख, कल्लू भाई, राष्ट्रीय रईस, अजय सांगते, कामदार आरिफ मेव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मकान कब्जे को लेकर महिलाओं ने दंपती को पीटा, पारिवारिक विवाद के बीच केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के ओम साईं विहार इलाके में मंगलवार को महिलाओं के एक समूह ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने एक मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और मकान मालिक धीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।पीथमपुर से आईं सलोनी सिंह, सरिता सिंह और लगभग 10 अन्य महिलाएं लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मकान का ताला तोड़कर जबरन अंदर प्रवेश किया और धीरेंद्र सिंह से मारपीट की।जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सलोनी सिंह, धीरेंद्र सिंह के बड़े भाई की पत्नी हैं। उनका तलाक का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ओम साईं विहार स्थित इस मकान को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है।मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में महिलाएं ताला तोड़कर अंदर घुसते और हंगामा करते हुए साफ नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।फिलहाल, औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

# विवाद के बाद संदिग्ध मौत, शॉर्ट पीएम में हार्ट अटैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के बांगरदा गांव में सोमवार रात एक मामूली विवाद के बाद 56 वर्षीय किसान बाबूलाल हटेसिंह चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।मृतक के छोटे भाई गजराज सिंह ने बताया कि बाबूलाल केलाद गांव से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। उनके साथ कार में भतीजा शुभम और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। बताया गया कि केलाद रोड स्थित बांगरदा चौराहे पर उनकी कार को धीरे चलाने की बात को लेकर बाइक सवार कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। यह विवाद उस समय तो शांत हो गया, लेकिन बाद में मामला फिर से बढ़ गया।परिजनों का आरोप है कि बाबूलाल के घर पहुंचने के कुछ समय बाद वही युवक वहां आ पहुंचे। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया। परिजनों का कहना है कि विवाद के दौरान कथित तौर पर पत्थरबाजी हुई, जिसमें बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजनों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक पत्थरबाजी और हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।बरोठा थाना प्रभारी सविता जाटव के अनुसार मर्ग पंजीबद्ध किया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में हार्ट अटैक बताया गया है।मामले की गंभीरता से जांच की जारी है।

# शहर के कुछ पेट्रोल पम्प पर खत्म हुआ पेट्रोल जहां मिला रहा वहां वाहनों की लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा



शहर में मंगलवार को कुछ पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को देवास बायपास पर कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को शहर के बीच स्थित खनूजा पेट्रोल पंप, कैलादेवी चौराहे के समीप पंप और विकास नगर क्षेत्र के फिलिंग स्टेशन पर लोगों को पेट्रोल नहीं मिला।भोपाल रोड पर भी एक पंप संचालक ने अपने पंप के बाहर दो से तीन घंटे तक पेट्रोल उपलब्ध न होने का नोटिस चस्पा कर दिया। जैसे ही शहर में पेट्रोल नहीं मिलने की सूचना फैली, कई लोग अपने वाहन लेकर पंपों की ओर जाते दिखे। हालांकि, उज्जैन रोड के पंप पर संचालक द्वारा डीजल और पेट्रोल दोनों उपलब्ध करवाए गए। शहर में अधिकांश ईंधन मांगल्या डिपो से आता है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण पंप डीलरों से अग्रिम राशि मांगी जा रही है। जो डीलर समय पर भुगतान कर रहे हैं, उन्हें माल भेजा जा रहा है, जबकि कई पंपों का पहले से उधार बाकी है, ऐसे डीलरों को आगे से ईंधन के टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं।इस मामले में खाद्य विभाग ने बताया कि पेट्रोल-डीजल का कोई संकट नहीं है। टैंकर नहीं आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है, और शाम तक स्थिति सामान्य हो जाएगी।डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि लोगों को धैर्य रखना चाहिए। जगदीश देवड़ा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी लोगों को धैर्य रखना चाहिए। भारत सरकार व्यवस्थाएं कर रही है। यदि कहीं थोड़ी बहुत तकलीफ है तो उसे दूर किया जाएगा।



### पेट्रोल न मिलने की अफवाह से पंप पर लगी भीड़

**भौरासा।** नगर में अचानक से पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना मिलने की अफवाह फैलते ही लोगों की लंबी लाइन बुदासा रोड स्थित चामुंडा श्री फ्यूलस रिलायंस पंप पर देखी गई। लोग गाड़ियों सहित बड़ी-बड़ी केन लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे लेकिन पंप पर केन नहीं भरी गई। गाड़ियों में ही पेट्रोल डाला गया। भारी भीड को लेकर पंप के मालिक दशरथ धाकड़ ने सभी लोगो को समझाइश दी की पेट्रोल की कमी नहीं है। सभी को पेट्रोल मिलेगा आप लोग घबराए नहीं। बावजूद लोग देर शाम तक पेट्रोल लेने जमे रहे।

### आयोजित हुआ संकल्प से समाधान अभियान व जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम

# 92 हजार 98 आवेदनों का हुआ निराकरणः उपमुख्यमंत्री देवड़ा






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में "संकल्प से समाधान अभियान" एवं "जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक देवास गायत्रीराजे पवार, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कई जन हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा "संकल्प से समाधान अभियान" के तहत शिविरों का आयोजन पूरे प्रदेश सहित देवास जिले में भी किया जा रहा है। यह शिविर चार चरणों में सतत जारी है। इन शिविरों का शुभारंभ 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ जो कि 31 मार्च तक संचालित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम 22 विभागों की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि देवास जिले में "संकल्प से समाधान अभियान" कार्यक्रम अंतर्गत 73 शिविरों का आयोजन किया गया। "संकल्प से समाधान अभियान" के तहत आयोजित शिविर में 01 लाख 02 हजार 486 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें 92 हजार 98 आवेदनों को निराकरण किया गया।

### हितलाभ किए वितरित

देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए लगातार शिविरों एवं अभियानों का आयोजन कर रही है। इन शिविरों में प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवेदकों के आवेदन प्राप्त किए तथा उनका निराकरण कर हितलाभ वितरित किए।

### जल है तो हम है

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि जल को बचाने के लिए हम सभी को एकजूट होकर कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि "जल ही जीवन है और जल है तो हम है" इसको ध्यान रखना जरूरी है। जल के संचयन के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए "जल गंगा संवर्धन अभियान" प्रारंभ किया है। "जल गंगा संवर्धन अभियान" के माध्यम से पुराने तालाब, कुएं, बावड़ियों, नदी, नालों का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। यह एक बड़ा जल संचय का अभियान है। जिसमें आमजन को सहभागिता कर "जल गंगा संवर्धन अभियान" को सफल बनाना है। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी तथा सभी जिलेवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहभागिता का आग्रह किया।

### मां अंबिका माता मंदिर पर 26 मार्च को भंडारा



**भौरासा।** नगर के छिपा पूरा में स्थित अति प्राचीन मां अंबिका माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है जिसमें क्षेत्र व नगर की धर्म प्रेमी जनता से समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की जा रही है। समिति के संतोष राठौर ने बताया कि 26 मार्च को समय शाम 5:00 बजे से छिपा पूरे में स्थित मां अंबिका चौक पर मां के दरबार में एक विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमें नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील समिति के सदस्य जितेंद्र राठौर, धर्मेंद्र राठौर ,दुर्गेश राठोर, रवि राठौर ,अर्जुन राठौर एवं मां अंबिका गरबा मंडल ने की है।

# स्कूल प्रधान अध्यापकों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मुख्यालय पर नवनिर्मित शासकीय सीएम राइज विद्यालय बागली पर उक्त विद्यालय के अंतर्गत आने वाली कक्षा एक से आठ तक के प्रधान अध्यापकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक विद्यालय प्राचार्य प्रकाश डाबी की उपस्थिति में आयोजित हुई, जिसमें आगामी नवीन सत्र को लेकर चर्चा की गई। बता दे कि उक्त सीएम राइज विद्यालय में आसपास के कक्षा 1 से 8 तक के 15 स्कूलों का संविलियन होगा, जिसको लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राचार्य प्रकाश डाबी द्वारा कक्षा 1 से 8 एवं 9,11 वी के परीक्षा परिणाम को लेकर समीक्षा की गई। सरकार द्वारा करोड रुपए खर्च कर सुविधा युक्त भवन में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश करवाने बच्चों और अभिभावकों को प्रेरित किए जाने को लेकर भी चर्चाएं की गई। इस दौरान शासकीय विद्यालय छतरपुरा, नयापुरा, जटाशंकर बहेरी डांगराखेड़ा, बरझाई, धावड़िया सहित अन्य स्कूलों के प्रधान अध्यापक एवं सीएम राइज विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## 112वें सालाना उर्स में रोजाना रात्रि उमड़े रहे हजारों जायरीन, पुलिस मुस्तैद

# उर्सः फर्जी टिकट, आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी मामले में 6 गिरफ्तार

### 25 मार्च को हो जाएगा उर्स का विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे 112वें सालाना उर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जायरीनों व पर्यटकों लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। दिन के समय भले ही उर्स परिसर में चलह-पहल कम नजर आ रही लेकिन रात्रि में उर्स अपने पूरे शबाब पर लग रहा है। इसी उर्स में हजारों लोगों की भीड़ का फायदा उठाकर क्राइम करने वाले भी आ रहे हैं लेकिन मुस्तैद पुलिस प्रशासन के प्रयासों से उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उर्स में महिलाओं के वॉशरूम का आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी का प्रयास करने, फर्जी टिकट बेचने और झगड़ करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी युवकों पर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। आपको बता दें कि उर्स में प्रतिदिन आ रहे हजारों महिला, पुरुषों, बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यहां 150 से ज्यादा सुरक्षा जवान तैनात करवाए हुए हैं।




### वॉशरूम का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर किया अपलोड

रविवार 22 मार्च को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी पर राजगढ़ उर्स मेले से संबंधित एक वीडियो अपलोड किए जाने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई। इस वीडियो में कुछ महिलाएं वॉशरूम जाते हुए दिखाई दे रही थीं। उक्त वीडियो महिलाओं की गरिमा एवं निजता के दृष्टिगत सार्वजनिक किए जाने योग्य नहीं पाया गया। मामले में द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए उक्त इंस्टाग्राम आईडी की पतारसी की गई। यह आईडी बबलू तंवर निवासी ग्राम पाटरी, थाना कालीपीठ की निकली। कालीपीठ पुलिस ने बबलू को अभिरक्षा में लेकर उसका मोबाइल चेक किया गया लेकिन तब तक वीडियो आईडी से डिलीट कर दिया था। तथापि, महिलाओं की गरिमा एवं सामाजिक मर्यादा को दृष्टिगत रखते हुए बबलू तंवर के विरुद्ध थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

### महिला का पर्स चुराने का कर रहा था प्रयास

उर्स में पॉकेटमार और चोर भी आए हुए हैं। मेले में एक दुकान पर खरीददारी कर रही महिला का पर्स साईड में रखा होने पर एक युवक उसे चुराने का प्रयास कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो पाया। मेले में तैनात पुलिस को युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की पहचान राजगढ़ की बाराद्धारी कॉलोनी निवासी हेमराज मेवाड़े के रूप में हुई है।

### नकली टिकट बेच रहा एक युवक गिरफ्तार

उर्स के प्रमुख आकर्षण का केंद्र यहां आए झूले सहित मनोरंजन के अन्य साधन हैं। ऐसे में एक युवक अनारसिंह तंवर निवासी रघुनाथपुरा नकली टिकट बेच रहा था जिसे धर-दबोचा गया। ऐसे ही इसी तरह उर्स में शांतिभंग करते हुए झगड़ा करने वाले परमेश्वर पिता गोपीलाल लोधी निवासी श्रीपुरा जिला गुना, गोरधन पिता देवचंद तंवर, विष्णु पिता शिवनारायण तंवर निवासी गिरधरपुरा मनोहरथाना को पकड़ा गया है।

## 50 लाख से अधिक का कच्चा माल किया नष्ट, दो आरोपी गिरफ्तार

# कटारियाखेड़ी में पुलिस ने अवैध शराब के अड्डों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी, सुठालिया, करनवास, देहात और पचोर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ गांव में दबिश दी। पुलिस ने कच्ची व अवैध शराब के निर्माण स्थलों को ध्वस्त किया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की। इसके अतिरिक्त, लगभग 1 लाख लीटर कच्चा लहान (शराब बनाने का घोल) भी नष्ट किया गया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और आपूर्ति की सूचना मिलने के बाद यह योजनाबद्ध कार्रवाई की गई।

जांच में पता चला कि गांव में महुआ और अन्य सामग्री का उपयोग कर कुओं तथा बड़े ड्रम-टंकियों में लहान तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने 100 से अधिक टंकियों को तोड़ा और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली 12 स्टील टंकियों को भी नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान 261 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब और 240 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की गई। सड़क किनारे बनी गुमटियों और टपरों को भी जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से





शराब माफियाओं को 50 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी के साथ सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट, करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह और 30 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे।

# कांग्रेस ने उठाई आमजनों की आवाज राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन

## सभी मांगों के जल्द निराकरण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के किसानों एवं आमजनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस सामने आई है। इसी क्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर राज्यपाल के नाम एसडीएम निधि भारद्धाज को एक ज्ञापन में सौंपा।



कांग्रेस पदाधिकारी भगवान सिंह बागड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगे उठाई गई है। मांगों में किसानों एवं आम नागरिकों के हितों को देखते हुए सोसायटियों द्वारा ऋण राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने, सोयाबीन तेल के टैक्स फ्री आयात को रुकवाने, किसानों की गेहूं की फसल समर्थन मूल्य पर लागत से हिसाब से 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल की खरीदी, बिजली विभाग द्वारा किसानों से की जा रही मनमानी रुकवाने एवं घरैलू गैस सिलेन्डर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि शासन एवं सरकार द्वारा आमजनों, किसानों के हितों से जुड़ी मांगों पर यथोचित कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## महिलाएं बोली - जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर

# राजगढ़ में स्मार्ट मीटर का बिजली उपभोक्ताओं ने किया विरोध

**राजगढ़।** जिले के ब्यावरा सहित अन्य शहरों के बाद अब राजगढ़ मुख्यालय पर भी विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आना लगा है। सोमवार दोपहर नगर के बांसवाड़ा मोहल्ले में मीटर लगाने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों को स्थानीय रहवासियों, बिजली उपभोक्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा।



बिजली उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ये मीटर उन पर जबरन थोपे जा रहे हैं। यदि, पुराने मीटर सही हैं तो आखिर इन मीटरों को लगाने की क्या आवश्यकता है। बांसवाड़ा के बिजली उपभोक्ताओं के अनुसार जब अन्य स्थानों पर ये मीटर नहीं लग रहे हैं तो आखिर गरीबों पर इन्हें क्यों थापने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध कर रही महिलाओं, युवकों सहित अन्य कन्ज्यूमरों ने आरोप लगाया कि इन मीटरों से बिजली बिल कई गुना बढ़कर आते हैं। ऐसे में ये मीटर उनके घरों में न लगाए जाएं। उपभोक्ताओं के तीखे विरोध के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बैरंग लौटने मजबूर होना पड़ा। आपको बता दें कि इसके पूर्व ब्यावरा शहर की शहीद कॉलोनी, कर्मचारी कॉलोनी सहित अन्य शहरों में उपभोक्ता स्मीटर मीटर लगाने का पुरजोर विरोध कर चुके हैं।

### कंपनी के अधिकारियों का तर्क

उधर, स्मार्ट मीटरों के बारे में विद्युत कंपनी के अधिकारियों का तर्क है इन मीटरों में कोई खराबी नहीं है बल्कि बिजली उपभोक्ताओं का काफी फायदा है। अधिकारियों ने इन मीटरों के कई लाभ बताते हुए लोगों से अपील की है कि विरोध न करें।

## नरवाई जलाने से फैली आग

# नालाझीरी और सलेपुर में लगी आग से सिंचाई यंत्र जले

**ब्यावरा।** तहसील के सुठालिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर को नरवाई जलाने की लापरवाही के कारण नालाझिरी के समीप पहाड़ी क्षेत्र में एक खेत में लगी नरवाई की आग बेकाबू होकर पास के खेत तक फैल गई। जिसकी चपेट में आने से एक किसान के खेत में रखे करीब 20 सिंचाई पाइप, मोटर और केबल जल गई। जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण आग ने तेजी से फैलकर आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में खेत का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो गया। वही, सलेपुर गांव में भी सोमवार दोपहर आग लगने की एक घटना सामने आई। यहां किसानों



द्वारा पशुओं के लिए रखा घास जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ब्यावरा और सुठालिया से दमकल ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों स्थानों पर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी अनिल राहौरिया ने बताया कि आग नरवाई जलाने के कारण लगी थी। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया है।

# हर छत पर सकोरा, हर पंख को सहारा एबीवीपी का जनसेवा अभियान शुरू

**ब्यावरा।** भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों के जीवन की रक्षा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए 'सकोरा अभियान' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पक्षियों की प्यास बुझाने और उनके संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न स्थानों ,परिसरों,सार्वजनिक स्थलों एवं महाविद्यालय परिसर में मिट्टी के सकोरे रखकर उनमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने का संकल्प लिया। साथ ही आमजन से भी आग्रह किया गया कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सकोरे रखकर इस मानवीय पहल का हिस्सा बनें।

कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "हर छत, एक सकोरा" के संकल्प के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री राकेश सौंधिया ने सभी छात्र छात्राओं



एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर पक्षियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रकट करें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दें।

# ईंट भट्टों का निरीक्षण, बालश्रम न कराने की तल्ख हिदायत

## मजदूरों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली

**राजगढ़।** बाल श्रम मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने राजगढ़ के ईंट भट्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वहां कार्यरत मजदूरों से संवाद कर उनकी स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ईंट भट्टा संचालकों को समझाया कि किसी भी स्थिति में बाल श्रम न कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बाल श्रम कानून के तहत यह दंडनीय अपराध है और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मजदूरों से चर्चा करते हुए उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित मजदूरों को समझाइश दी गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और यदि पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसे संबंधित विभाग या संस्था के साथ साझा करें, ताकि समय रहते मदद उपलब्ध कराई जा सके। इस निरीक्षण के दौरान श्रम निरीक्षक मनोज चैहान, रमेश चंद्र भिलाला, अहिंसा टीम से मनीष दांगी एवं रजनी प्रजापति उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से टीम ने यह संदेश दिया कि बाल श्रम के विरुद्ध समाज के सभी वर्गों को जागरूक होकर आगे आना होगा, तभी एक सुरक्षित और शिक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# गणगौर पर्वः नगर में शोभायात्रा निकाली माता गौरी और शिव की हुई पूजा-अर्चना

**ब्यावरा।** नगर में गणगौर पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के बिहारी जी मंदिर से हुई। यहां महिलाओं ने गणगौर (माता गौरी) और ईसर (भगवान शिव) की प्रतिमाओं को विधि-विधान से स्थापित कर पूजा-अर्चना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मंगलगीत गाए और समृद्धि की कामना की।





पूजन के बाद मंदिर से एक आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसे गणगौर की बारात का स्वरूप दिया गया। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों मुख्य बाजार, सुभाष चौक, पीपल चौराहा और एबी रोड से होते हुए वैष्णो देवी मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। वैष्णो देवी मंदिर पहुंचकर गणगौर पूजा विधिवत संपन्न की गई। आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया था। स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष कंचन सोनी ने गणगौर पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कंचन सोनी बताया कि शाम के समय पारंपरिक दोहे गाकर माता गणगौर को विदाई दी जाती है और फिर नदी में उनका विसर्जन किया जाता है।

# विजयर्गीय समाज की महिलाओं ने उल्लास से मनाई गणगौर

## गणगौर मैया से सुख-समृद्धि की कामना की



**राजगढ़।** नगर के विजयवर्गीय समाज की महिला समिति द्वारा गणगौर पर्व पर कई तरह के धार्मिक आयोजन रखते हुए उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को कुमकुम भेंटकर करते हुए गणगौर मैया से सभी की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान समाज की महिलाओं ने नगर के गौसेवक नयन विजयवर्गीय को आमंत्रित करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया। इसके उपरान्त महिलाओं द्वारा गणगौर मैया का चल-समारोह निकाला जो प्राचीन चतुर्भुज नाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर समाज की प्रीति विजयवर्गीय, पूजा विजयवर्गीय, वरिष्ठ महिला कृष्णा विजयवर्गीय, मंजू विजयवर्गीय, शकुन विजयवर्गीय, वंदन विजयवर्गीय, जूल विजयवर्गीय, चंद्रेश विजयवर्गीय, सरोज विजयवर्गीय, नम्रता विजयवर्गीय, रिंकू विजयवर्गीय, नमिता विजयवर्गीय सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी नहीं कराई उपलब्ध

# शिक्षा विभाग में मजाक बना सूचना का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में इसका मजाक बनाया जा रहा। ताजा मामला तब सामने आया जब एक आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया।

आवेदक ने शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के तहत मांगी थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद मामला जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ तक पहुंचा, जहां से संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर को तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए, लेकिन उनके निर्देश को सारंगपुर के अधिकारी कोई तवज्जो नहीं दे रहे। इस पूरे घटनाक्रम से साफ जाहिर होता है कि विभागीय स्तर पर सूचना के अधिकार कानून की




अनदेखी की जा रही है।

आवेदक ने आरोप लगाया है कि अधिकारी जानबूझकर जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे विभागीय अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सके। वहीं, इस मामले में उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। ऐसे में यदि जिम्मेदार अधिकारी ही कानून का पालन नहीं करेंगे, तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### इनका कहना है...

संबंधित के द्वारा मांगी गई जानकारी को तैयार की जा रही है, जल्द ही जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

सुरेश वीरमाल, ब्लाक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर

# विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का किया स्वागत



**सारंगपुर।** महामंडलेश्वर घूमेश्वर धाम पवाया ग्वालियर अनिरुद्धवन महाराज के सानिध्य में घूमेश्वर धाम से महाकालेश्वर धाम तक निकाली जा रही विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। इस यात्रा में नगर के नागरिकों ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ने कहा कि आज जब पूरा विश्व अशांति, संघर्ष और असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे समय में भारत की सनातन संस्कृति सदैव शांति, सद्भाव और सहअस्तित्व का संदेश देती आई है। इस भावना को और प्रबल करने की आवश्यकता है। दूसरों के हित के समान कोई धर्म नहीं और दूसरों को कष्ट देने जैसा कोई अधर्म नहीं। यात्रा प्रभारी प्रदीप सादानी ने बताया कि नगर में अतिथि देवो की परंपरा है, जिसे हम सब निर्वाह कर हमारे सभी मित्र मंडल साथियों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व नपाध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धुरव भल्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी सहित अन्य शामिल थे।